**आकाशवाणी शिमला**

**30.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**प्रधानमंत्री–अर्थशास्त्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नीति आयोग की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय बजट 2026–27 से पहले सुझावों के लिए प्रमुख अर्थशास्त्रियों तथा क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से बातचीत की। यह बैठक देश की आर्थिक स्थिति और भविष्य की प्राथमिकताओं के बारे में विचार और आकलन साझा करने का माध्यम बनेगी। बैठक में उन क्षेत्रों के बारे में प्रमुखता से विचार–विमर्श हुआ, जिनमें अर्थव्यवस्था को मजबूती और विकास को गति देने व उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए सुधार जरूरी है। नीति आयोग द्वारा आयोजित इस संवाद से आर्थिक योजना के अगले चरण की तैयारी के लिए सरकार को बहुमूल्य सुझाव मिल सकेंगे।

**कैबिनेट**

राज्य सरकार ने प्रदेश के सौ सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सीबीएसई के सभी पैरामीटर पूरा करने के लिए सरकार ने सौ करोड़ रूपए शिक्षा विभाग को मंजूर किए हैं। मंत्रिमंडल ने इन स्कूलों में मौजूद कमियों को दूर करने के निर्देश दिए ताकि अगले वर्ष मार्च में सीबीएसई की कक्षाएं शुरू हो सकें। इसके अलावा इन स्कूलों में चार सौ पद गणित और चार सौ पद अंग्रेजी अध्यापकों के सृजित करने को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने प्रत्येक स्कूल में एक–एक स्पैशल एजुकेटर और योगा टीचर लगाने का भी निर्णय लिया है। बैठक में बद्दी में नए टाउनशिप को विकसित करने की अनुमति दी गई है। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना में संशोधन को मंजूरी दी। इसके बाद अब 70 फीसदी दिव्यांग माता–पिता के बच्चों को भी इस योजना का लाभा मिलेगा। मुख्यमंत्री लघु– दुकानदार योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में सालाना दस लाख से कम आय वाले छोटे कारोबारियों का एक लाख रूपए का ऋण माफ करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के सैंकड़ो पद भरने की मंजूरी भी दी गई।

**आईजीएमसी मामला**

आईजीएमसी शिमला में मरीज व डॉक्टर के बीच मारपीट मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। डॉक्टर राघव नरूला और मरीज अर्जुन पंवार ने एक दूसरे से माफी मांगी और गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया। डॉक्टर नरूला ने कहा कि दोनों तरफ से गलती हुई थी और हम दोनों ने एक दूसरे से माफी मांग कर मामले को भुला दिया है। मरीज अर्जुन पंवार ने कहा कि डॉक्टर ने माफी मांग ली है और अब मामला खत्म हो गया है। आईजीएमसी शिमला अस्पताल में डॉक्टर मरीज की मारपीट मामले में समझौता हो गया है। हालांकि डॉक्टर राघव नरूला की बर्खास्ती का मामला अभी भी सरकार के विचाराधीन है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली महिलाओं पर मुकद्दमे दर्ज करना शर्मनाक है। उन्होंने आज बिलासपुर में सरकार द्वारा नशे के कारोबारियों को मिल रहे संरक्षण और बिलासपुर में नशा रोकने के लिए गश्त कर रही महिला मंडल की महिलाओं के खिलाफ दर्ज किए गए मुकद्दमे के विरोध में आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लिया। जयराम ठाकुर ने नशे के खिलाफ अपनी पंचायतों में गश्त कर रही महिलाओं के खिलाफ इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे वापिस लेने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार नशे को लेकर गंभीर नहीं है और नशे के खिलाफ लड़ाई में गंभीरता दिखाने की बजाय दिखावा और इवेंट मेनेजमेंट का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशा दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और सरकार नशे के कारोबारियों पर सख्ती दिखाने की बजाय नशे के खिलाफ आवाज़ उठाने वालों को निशाना बना रही है।

.............................................................................................................................................